This Question Paper consists of 34 questions and 8 printed pages.
इस प्रश्न–पत्र में 34 प्रश्न तथा 8 मुद्रित पृष्ठ हैं ।

Roll No. अनुक्रमांक | | | | | | | | | | | |

Code No. 53/AS/3 कोड नं.

Set– A

ECONOMICS
(अर्थशास्त्र)
(214)

Day and Date of Examination
(परीक्षा का दिन व दिनांक) _____

Signature of Invigilators 1. _____

(निरीक्षकों के हस्ताक्षर)

2. _____

General Instructions :

1 Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.

2 Please check the Question Paper to verify that the total pages and the total number of questions contained in the Question Paper are the same as those printed on the top of the first page. Also check to see that the questions are in sequential order.

3 For the objective type of questions, you have to choose any **one** of the four alternatives given in the question i.e. (A), (B), (C) or (D) and indicate your correct answer in the Answer-Book given to you.

4 All the questions including objective type questions are to be answered within the allotted time and no separate time limit is fixed for answering objective type questions.

5 Making any identification mark in the Answer-Book or writing Roll Number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.

6 Write your Question Paper code No. **53/AS/3–A** on the Answer-Book.

7 (a) The Question Paper is in English/Hindi medium only. However, if you wish, you can answer in any one of the languages listed below :
English, Hindi, Urdu, Punjabi, Bengali, Tamil, Malayalam, Kannada, Telugu, Marathi, Oriya, Gujarati, Konkani, Manipuri, Assamese, Nepali, Kashmiri, Sanskrit and Sindhi.
You are required to indicate the language you have chosen to answer in the box provided in the Answer-Book.

(b) If you choose to write the answer in the language other than Hindi and English, the responsibility for any errors/mistakes in understanding the question will be yours only.

सामान्य अनुदेश :

1 परीक्षार्थी प्रश्नपत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें ।

2 कृपया प्रश्नपत्र को जाँच लें कि प्रश्नपत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है । इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं ।

3 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में आपको चार विकल्पों (A), (B), (C) तथा (D) में से कोई **एक** उत्तर चुनना है तथा दी गई उत्तर–पुस्तिका में आप सही उत्तर लिखिए ।

4 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के साथ–साथ सभी प्रश्नों के उत्तर निर्धारित अवधि के भीतर ही देने हैं । वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के लिए अलग से समय नहीं दिया जाएगा ।

5 उत्तर–पुस्तिका में पहचान–चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा ।

6 अपनी उत्तर–पुस्तिका पर प्रश्नपत्र की कोड संख्या **53/AS/3–A** लिखें ।

7 (क) प्रश्नपत्र केवल हिंदी/अंग्रेजी में है । फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं :

अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू, पंजाबी, बँगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगु, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिंधी ।

कृपया उत्तर–पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं ।

(ख) यदि आप हिंदी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं तो प्रश्न को समझने में होने वाली त्रुटियों / गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी ।

ECONOMICS

(अर्थशास्त्र)

(214)

Time : **3** Hours] [Maximum Marks : **100**

समय : **3** घण्टे] [पूर्णांक : **100**

Note : (1) **All** questions are **compulsory.**

(2) Marks allotted to each question are indicated against it.

(3) Each question from Q. Nos. 1 to 8 has four alternatives (A), (B), (C) and (D) and out of which one is the most appropriate. Select the correct answer and write it in your answer-book against the number of question.

निर्देश : (1) **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।**

(2) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दर्शाये गये हैं ।

(3) वस्तुनिष्ठ प्रश्न क्रमांक 1 से 8 तक, प्रत्येक प्रश्न में चार वैकल्पिक उत्तर (A), (B), (C) और (D) दिये गये हैं जिनमें से एक सही या सर्वाधिक उचित है । सही उत्तर चुनिये तथा अपनी उत्तर–पुस्तिका में उसे प्रश्न क्रमांक के सामने लिखिये ।

1 Which of the following is studied under microeconomics ? **1**

(A) Determination of the price of a good (B) Inflation

(C) Employment in a country (D) Economic growth

निम्नलिखित में से किसका व्यष्टि अर्थशास्त्र के अन्तर्गत अध्ययन किया जाता है ?

(A) किसी वस्तु की कीमत का निर्धारण (B) मुद्रा स्फीति

(C) किसी देश में रोजगार (D) आर्थिक संवृद्धि

2 Which factor becomes obsolete after a certain period ? **1**

(A) Land (B) Labour

(C) Capital (D) Entrepreneurship

एक निश्चित अवधि के पश्चात् कौन सा साधन अप्रचलित हो जाता है ?

(A) भूमि (B) श्रम

(C) पूँजी (D) उद्यम

3 Which out of the following is **NOT** a factor income ? 1

(A) Profit (B) Interest

(C) Wages (D) Labour

निम्नलिखित में से कौन सी साधन आय नहीं है ?

(A) लाभ (B) ब्याज

(C) मज़दूरी (D) श्रम

4 Which out of the following is a private indigenous production unit ? 1

(A) Partnership (B) HMT

(C) MMTC (D) Collaborations

निम्नलिखित में से कौन सी निजी देशीय उत्पादन इकाई है ?

(A) साझेदारी (B) एच.एम.टी.

(C) एम.एम.टी.सी. (D) सहयोग

5 Direct payments properly calculated are : 1

(A) Variable Cost (B) Fixed Cost

(C) Implicit Cost (D) Explicit Cost

ऐसे प्रत्यक्ष भुगतान जिनकी उचित रूप से गणना की जाती है, होते हैं :

(A) परिवर्ती लागत (B) स्थिर लागत

(C) अस्पष्ट लागत (D) स्पष्ट लागत

6 Equilibrium price of a commodity is the price at which : 1

(A) Quantity demanded is greater than quantity supplied

(B) Quantity supplied is greater than quantity demanded

(C) Quantity demanded = Quantity supplied

(D) None of the above

किसी वस्तु की संतुलन कीमत वह कीमत होती है जिस पर :

(A) मांगी गई मात्रा आपूर्ति की गई मात्रा से अधिक होती है

(B) आपूर्ति की गई मात्रा मांगी गई मात्रा से अधिक होती है

(C) मांगी गई मात्रा = आपूर्ति की गई मात्रा

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

7 By which method is primary data obtained indirectly ? 1

(A) Indirect Investigation (B) Direct personal investigation

(C) Mailed Questionnaire (D) Through Schedule

कौन सी विधि द्वारा प्राथमिक आँकड़े अप्रत्यक्ष रूप से प्राप्त किये जाते है ?

(A) अप्रत्यक्ष अनुसंधान (B) प्रत्यक्ष वैयक्तिक अनुसंधान

(C) डाक प्रश्नावली (D) अनुसूची द्वारा

8 We can contribute to sustainable development by : 1

(A) Recycling

(B) Reducing the usage

(C) Finding substitutes for non-renewable resources

(D) All the above

हम धारणीय विकास में योगदान दे सकते हैं :

(A) पुनर्चक्रीकरण द्वारा

(B) प्रयोग को कम करके

(C) गैर–नवीकरणीय संसाधनों के स्थानापन्न ढूँढ़कर

(D) उपर्युक्त सभी

9 In your daily consumption some free services are used. Explain them with the help of a suitable example. 2

आपके दैनिक उपभोग में कुछ निःशुल्क सेवाओं का प्रयोग होता है । एक उपयुक्त उदाहरण की सहायता से इनकी व्याख्या कीजिए ।

10 Describe 'Consumer's Sovereignty' as a feature of a capitalist economy. 2

पूँजीवादी अर्थव्यवस्था की एक विशेषता के रूप में 'उपभोक्ता प्रभुत्व' की व्याख्या कीजिए ।

11 Distinguish between product-based and process-based division of labour. 2

उत्पाद आधारित श्रम विभाजन तथा प्रक्रिया आधारित श्रम विभाजन में भेद कीजिए ।

12 If 25 units of output are produced and the Total Fixed Cost is ₹ 150, alongwith Total Variable Cost of ₹ 350. Calculate the Average Cost. 2

यदि 25 इकाईयों का उत्पादन किया जाता है तथा कुल परिवर्ती लागत ₹ 350 के साथ कुल स्थिर लागत ₹ 150 है तो औसत लागत की गणना कीजिए ।

13 Explain the relationship between price of the commodity and its quantity supplied. 2
किसी वस्तु की कीमत तथा उसकी आपूर्ति की गई मात्रा में सम्बन्ध की व्याख्या कीजिये ।

14 Complete the following table : 2

Price (₹) per unit	Quantity Demanded (in Units)			Market Demand (in units)
	HH_A	HH_B	HH_C	
1	12	-	10	30
2	9	-	8	23
3	6	-	6	16
4	3	-	4	9

निम्नलिखित सारणी को पूरा कीजिए :

कीमत (₹) (प्रति इकाई)	मांगी गई मात्रा (इकाईयों में)			बाजार मांग (इकाईयों में)
	परिवार A	परिवार B	परिवार C	
1	12	-	10	30
2	9	-	8	23
3	6	-	6	16
4	3	-	4	9

15 Explain why it was difficult to equate the values of different goods which were traded, under barter system of exchange. 2
समझाईये कि वस्तु विनिमय प्रणाली में जिन वस्तुओं का व्यापार किया जाता था उनके मूल्यों की बराबरी करना कठिन क्यों था ?

16 Explain the difference between diagrammatic and graphic presentation of data. 2
चित्रों द्वारा तथा रेखाचित्रों द्वारा आँकडों के प्रस्तुतीकरण में भेद को समझाइये ।

17 Which are the main components of environment ? 2
पर्यावरण के मुख्य घटक क्या हैं ?

18 Suppose you, as a consumer, purchase a geyser at a lower price without taking the bill. What kind of serious problems are likely to be faced with this practice of yours ? Explain. 2
मान लीजिये आप एक उपभोक्ता के रूप में बिना बिल लिये कम कीमत पर एक गीजर खरीदते हैं । आपके इस व्यवहार के कारण किन गम्भीर समस्याओं का सामना करना पड़ेगा ? समझाइये ।

19 Why is economics treated as "Science of Sustainable Development" ? 4
अर्थशास्त्र को 'धारणीय विकास का विज्ञान' क्यों कहा जाता है ?

20 Explain the following features in a socialist society : 4
(i) Collective Ownership of Means of Production
(ii) No Class Conflict.
समाजवादी समाज में निम्नलिखित विशेषताओं की व्याख्या कीजिए :
(i) उत्पादन के संसाधनों का सामूहिक स्वामित्व
(ii) वर्ग संघर्ष की समाप्ति ।

21 Explain the concept of "Production Function". 4
'उत्पादन फलन' की अवधारणा की व्याख्या कीजिए ।

22 How do the following factors affect individual supply of a commodity : 4
(a) Price of the commodity
(b) Government policy
निम्नलिखित कारक किसी वस्तु की आपूर्ति को किस प्रकार प्रभावित करते हैं :
(a) वस्तु की कीमत
(b) सरकारी नीति

23 Explain how money can be used to make payments in future. 4
समझाईये कि मुद्रा का उपयोग भविष्य में भुगतान करने के लिये किस प्रकार किया जा सकता है ।

24 Suppose, you have savings of ₹ 14,000/- with you. Explain how will you keep them safe in the post office near your house. 4
मान लीजिये आपके पास ₹ 14,000/- की बचत है । समझाईये कि आप किस प्रकार से अपने घर के पास डाकघर में इसे सुरक्षित रखेंगे ?

25 How can an information be both qualitative and quantitative in nature ? Give suitable examples. 4
कोई सूचना प्रकृति में गुणात्मक तथा संख्यात्मक, दोनों कैसे हो सकती है ? उपयुक्त उदाहरण दीजिये ।

26 Distinguish between a variable and an attribute. 4
चर तथा गुण में भेद कीजिये ।

27 Arrange the marks obtained by 24 students in Mathematics in ascending and descending order : 4

गणित में 24 विद्यार्थियों द्वारा प्राप्तांकों को 'बढ़ते हुए' तथा 'घटते हुए' क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

10	50	48	7	11	16
6	12	18	28	49	45
40	20	30	15	36	38
8	25	5	9	14	19

28 Explain the role played by the service sector in the Indian economy. 4

भारतीय अर्थव्यवस्था में सेवा (तृतीयक) क्षेत्रक की भूमिका की व्याख्या कीजिए ।

29 Suppose, there is a drought situation in the economy and you are the government. What role will you play to control the situation of price rise, which is an outcome of the drought ? 4

मान लीजिए, अर्थव्यवस्था में सूखे की स्थिति है और आप सरकार हैं । आप कीमत वृद्धि की स्थिति को, जो सूखे का परिणाम है, को नियंत्रित करने के लिये क्या भूमिका निभाएंगे ?

30 Explain how the Consumer Protection Act 1986 provides all the support and guidance against violation of Consumer Rights. 4

समझाईये कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 उपभोक्ता के अधिकारों के उल्लंघन के विपरीत पूरी सहायता तथा मार्गदर्शन कैसे करता है ?

31 Why does the demand curve slope downwards from left to right ? Explain. 6

मांग वक्र बायें से दायें नीचे की ओर ढालू क्यों होता है ? समझाइये ।

32 Describe how trading activities are integral part of the economy. 6

व्यापार की गतिविधियाँ अर्थव्यवस्था के अभिन्न अंग कैसे हैं, वर्णन कीजिये ।

33 Compare the Chinese economy with the Indian economy. 6

चीन की अर्थव्यवस्था की भारत की अर्थव्यवस्था से तुलना कीजिये ।

34 What is 'Habitat degradation' ? Mention its two major causes and one effect. 6

प्राकृतिक आवास का निम्नीकरण क्या होता है ? इसके दो प्रमुख कारणों तथा एक प्रभाव का उल्लेख कीजिए ।